04/10/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल महाराष्ट्र के दौरे पर रहेंगे। वे वाशिम जिले में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के 18वीं किस्त जारी करेंगे। इसमें **नौ करोड चालीस लाख से अधिक** किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिये **बीस हजार करोड रूपये** से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। श्री मोदी इस अवसर पर नमो शेतकारी महा सम्मान निधि योजना की पांचवीं किस्त के अंतर्गत महाराष्ट्र के किसानों को लगभग दो हजार करोड रूपये की अतिरिक्त सहायता जारी करेंगे।

0000000000000000000000

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना-पीएम-आरकेवीवाई और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए कृषोन्नति योजना-केवाई को मंजूरी दे दी है। पीएम-आरकेवीवाई और कृषोन्नति योजना को एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की कुल प्रस्तावित लागत के साथ लागू किया जाएगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि आज कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसले किसानों की आय बढ़ाने और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने से संबंधित हैं।

0000000000000000000000

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बंगाली भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। शास्त्रीय भाषाएं भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत के संरक्षक के रूप में कार्य करती हैं, जो प्रत्येक समुदाय के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाती है। सरकार ने 12 अक्टूबर 2004 को शास्त्रीय भाषाओं के रूप में भाषाओं की एक नई श्रेणी बनाने का निर्णय लिया था और इस अवसर पर तमिल भाषा को भी शास्त्रीय भाषा घोषित किया था। शास्त्रीय भाषा की स्थिति के मानदंडों में इसके प्रारंभिक ग्रंथों की उच्च प्राचीनता 1000 वर्षों से अधिक का दर्ज इतिहास और प्राचीन साहित्य का संग्रह शामिल है। भाषाओं को शास्त्रीय भाषा के रूप में शामिल करने से विशेष रूप से शैक्षणिक और अनुसंधान क्षेत्र में रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर पैदा होंगे।

0000000000000000000000

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश में पिछले 10 वर्षों के दौरान आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव आया है। तीन प्रमुख हिंसाग्रस्त क्षेत्रों जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा में रिकॉर्ड 70 प्रतिशत की कमी आई है। गुजरात के अहमदाबाद में श्री शाह ने कहा कि इन क्षेत्रों में मृत्यु दर में भी 72 प्रतिशत की कमी आई है।

0000000000000000000000

गृह मंत्री मामा नातुंग ने आज अरुणाचल प्रेस क्लब के 42वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लेते हुए जिम्मेदार पत्रकारिता की आवश्यकता पर जोर दिया। मंत्री ने सनसनीखेज और 'पीत पत्रकारिता' को समाप्त करने का आह्वान किया, उन्होने मीडिया से तथ्यात्मक और संतुलित रिपोर्टिंग को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। गृह मंत्री के सलाहकार और रोइंग विधायक मुच्चू मिथी ने भी इस अवसर पर पत्रकारो को शुभकामनाएं दीं। 0000000000000000000000

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलट प्रोजेक्ट शुभारंभ किया। योजना का उद्देश्य पांच वर्षों में देश की शीर्ष पांच सौ कंपनियों में एक करोड युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। सरकार ने इसके लिए आठ सौ करोड रुपये की राशि निर्धारित की है। सरकार का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25 में सवा लाख इंटर्नशिप देने का है। योजना को पी एम इंटर्नशिप डॉट एम सी ए डॉट जी ओ वी डॉट आई एन पोर्टल के माध्यम से लागू किया जाएगा। उम्मीदवार इस महीने की 12 से 25 तारीख तक आवेदन कर सकते हैं। इसकी अवधि बारह महीने की होगी। 0000000000000000000000

तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के तहत, कल तिरप जिला उपायुक्त कार्यालय कक्ष में एक रणनीतिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला उपायुक्त इरा सिंघल ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का उद्देश्य जिले में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के सफल कार्यान्वयन के लिए विचार-विमर्श और रणनीति तैयार करने मे विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों को एक साथ लाना था।

0000000000000000000000

नाहरलागुन पुलिस ने एक पुलिसकर्मी समेत तीन लोगों को अवैध ऑनलाइन जुआ संचालन के आयोजन में कथित संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया है। एसपी मिहिन गाम्बो ने बताया कि नाहरलागुन के बी-सेक्टर में चल रहे रैकेट के बारे में गुप्त सूचना मिलने के बाद ये गिरफ्तारियां की गईं।

0000000000000000000000

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आज पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका जताई है। आईएमडी ने कहा कि असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में आज भारी बारिश होने की उम्मीद और अगले दो दिनों तक भारी बारिश होने की आशंका जताई है। केरल, तमिलनाडु, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, रायलसीमा और गंगीय पश्चिम बंगाल में भारी वर्षा होने की संभावना है।

0000000000000000000000